9TH मोंटफोर्ट अंतर्विद्यालीन सामान्य ज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता 2019

नौवाँ मोंटफोर्ट कप अंतर्विद्यालीन सामान्य ज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता क्विज इन्कुएस्टा 31 अगस्त 2019 को मोनफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल की मेजबानी में आयोजित किया गया| यह प्रश्नमंच प्रतियोगिता पिछ्ले आठ वर्षो से सफलता पूर्वक आयोजित की जाति रही है| इस प्रतियोगिता में भोपाल नगर के 23 विद्यालयों ने भाग लिया| इन समस्त विद्यार्थियों में से 6 टीम मेरिट स्तर पर प्रतियोगिता के लिए चुनी गई |

इन के नाम इस प्रकार है|सेंट जोसफ को-एड स्कूल , शारदा विद्या मंदिर ,हेमा हायर सेकेंडरी स्कूल, माउंटकार्मेल , डी.पी.एस नीलबड, कैंपियन स्कूल|

प्रत्येक टीम में 2 विद्यार्थी थे | सेंट मोंटफोर्ट स्कूल मेजबान होने के कारण सातवी टीम के रूप में था परन्तु प्रतियोगिता में शामिल नहीं था |टीम के सभी छात्र पूछे गए प्रश्न को ध्यान से सुनकर आपसी विचार विमर्श के बाद निश्चित समय सीमा में उत्तर दे रहे थे | इस प्रश्न -मंच को रंगीन तथा आकर्षक कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के द्वारा प्रत्येक राउंड को मनोरंजक और दिलचस्प बनाया बना दिया|

क्विज मास्टर के रूप में डॉ. सोनिया सुजीष ने प्रतियोगिता के आरम्भ से अंत तक छात्र -छात्राओं की जिज्ञासा उत्पन्न की | प्रतियोगियों के अतिरिक्त इस प्रश्न मंच में श्रोताओं को भी शामिल होने का अवसर दिया गया |

इस सामान्य ज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे |

१. प्रथम स्थान पर - डी.पी.एस नीलबड

२. द्वितीय स्थान पर- कैंपियन स्कूल

प्रतियोगिता के अंत में संस्था के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने सभी उपस्थित शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को इस प्रतियोगिताकी सार्थकता का संदेश देते हुए सम्भोधित किया तथा जीते हुए प्रतिभागियों को ट्राफी देकर बधाई दी | विद्यालय के हेड बॉय मास्टर रुशान रना ने उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों काआभार व्यक्त किया| इस प्रकार इस शानदार प्रतियोगिता का समापन हुआ|